**भारत सरकार**
**नागर विमानन मंत्रालय**
**लोक सभा**
**लिखित प्रश्न संख्या : 3270**
**गुरुवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर**

**विमान दुर्घटना की जांच**

**3270. श्री एंटो एन्टोनीः**

क्या **नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः
(क) क्या सरकार ने महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री से जुड़ी हालिया विमान दुर्घटना के संबंध में कोई पूछताछ अथवा जांच गठित की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या इस संबंध में जांच पूरी हो गई है और यदि हां, तो इसके मुख्य निष्कर्ष और सिफारिशें क्या हैं;
(ग) क्या जांच में किसी प्रकार की चूक, प्रक्रियात्मक उल्लंघन या सुरक्षा कमियों की पहचान की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या घटना के बाद जांच समिति गठित करने में कोई देरी हुई है और यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं; और
(ङ) क्या जांच के निष्कर्षों के आधार पर कोई कार्रवाई की गई है/प्रस्तावित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)**

(क) से (ङ) : बारामती में दिनांक 28.01.2026 को वीटी0एसएसके पंजीकरण वाले लियरजेट 45एक्सआर विमान की दुर्घटना के कारणों की जाँच के लिए महानिदेशक (डीजी), वायुयान दुर्घटना अन्वेषण ब्यूरो (एएआईबी) द्वारा जाँच करने का आदेश दिया गया है।

एएआईबी द्वारा दिनांक 28.02.2026 को दुर्घटना पर प्रारंभिक रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और यह रिपोर्ट उनकी वेबसाइट www.aaib.gov.in पर उपलब्ध है। उपलब्ध जानकारी और प्रारंभिक निष्कर्षों के आधार पर, एएआईबी द्वारा प्रारंभिक रिपोर्ट में अंतरिम सिफारिशें जारी की गई हैं।

जाँच का कार्य प्रगति पर है। दुर्घटना के सभी संभावित कारणों की जाँच की जा रही है। जाँच पूर्ण होने के पश्चात अंतिम जाँच रिपोर्ट प्रकाशित की जाएगी।

*****